नकली उर्वरक बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

Publish Date:Fri, 06 Apr 2018 10:48 PM (IST)

सहारनपुर : जनपद में नकली खाद, बीज व उर्वरक बेचे जाने व बनाने का एक बार फिर भंडाफोड़ हुआ है। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में नकली उर्वरक बनाने वाली एक फैक्ट्री व गोदाम को सील किया गया है। फैक्ट्री मालिक के खिलाफ थाना सदर बाजार में तहरीर दी गई है।

उप निदेशक कृषि राजीव कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी पीके पांडेय के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में जिला कृषि अधिकारी रामजतन मिश्रा व पुलिस टीम के साथ पंत विहार कालोनी के गेट नंबर एक के निकट श्रीकृष्ण मंदिर के सामने एक गोदाम पर छापा मारा गया। उन्होंने बताया कि यह गोदाम प्रदीप हांडा नाम के व्यक्ति का बताया गया था। जब उनसे गोदाम की चाबी मांगी गयी तो उन्होंने यह कहते हुए चाबी देने से इंकार कर दिया कि चाबी उनके फोरमैन के पास है। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में गोदाम को सील कर दिया गया। गोदाम के बाद टीम सांवलपुर नवादा रोड स्थित गांधी कालोनी में इनकी फैक्ट्री पर पहुंची। वहां टीम को देखते ही मौजूद कर्मचारी फरार हो गए। वहां से टीम को एनपीके में प्रयोग होने वाले बहुत सा संदिग्ध माल मिला। फैक्ट्री समेत इन सबको सील कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी रामजतन मिश्रा ने बताया कि जिस व्यक्ति द्वारा एनपीके बनाया जा रहा है उसके पास एनपीके बनाने का लाइसेंस ही नहीं है। जिस कारण फैक्ट्री मालिक प्रदीप हांडा के खिलाफ थाना सदर बाजार में तहरीर देकर उर्वरक नियंत्रण अधिनियम की 1985 की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/saharanpur-fertiliser-factory-saharanpur-17787152.html